हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024



### दिवाली बाजार को लेकर प्रशासन ने ली व्यापारियों की बैठक

## बाजार में निर्धारित स्थान में लगेंगे पसरे, चारपहिया वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली त्यौहार को लेकर सजे बाजार से कई प्रकार की अव्यवस्थाएं भी देखने को मिल रही है। खासकर बाजार इलाके में जाम की समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है। बेतरतीब पार्किंग और कहीं भी लग रही दुकानों के कारण यह समस्या और बढ़ रही है। ऐसे में त्यौहार से पहले व्यवस्था बनाने कलेक्टर और एसपी ने पसरा लगाने वालों सहित चेंबर ऑफ कामर्स के साथ एक बैठक की है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बैठक के दौरान शहर में पार्किंग व्यवस्था, आवागमन सुविधा, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत ठेला वाले, पसरा, घुमंतू ठेला, ई-रिक्शा, फुटकर व्यापारी, ऑटो वाले तथा चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों की बैठक ली तथा बेतरतीब पार्किंग व्यवस्था को सुधारने मंथन किया। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि ठेला लगाने एक निर्धारित स्थान की व्यवस्था की जा रही है। शहर के ऐसे स्थान जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां व्यवस्था बनाए रखने ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग की व्यवस्था होगी। उन्होंने चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों से कहा कि ऐसे स्थान जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां कुछ वालिंटियर की ड्यूटी लगाएं।



### छोटी गलियों में बड़े वाहन बैन

दिवाली पर्व को देखते बाजार के मुख्य इलाके में चार पहिया वाहन को दिनभर प्रतिबंधित रखा जाएगा। गंज चौक, भारत माता चौक से चार पहिया वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। छोटी-छोटी गलियों में कार, ई-रिक्शा एवं अन्य चार पहिया वाहन वन-वे में चलेंगे। उन्होंने कहा कि मार्केट में सुबह 10 से लेकर रात्रि 9 बजे तक चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

### निर्धारित स्थल में लगाएं दुकान

बैठक के दौरान ही कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि ओवरब्रिज के नीचे ठेले वालों के लिए निर्धारित स्थल पर दुकान लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि गुरूनानक चौक, मंडी के पीछे, फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, जिस पर सभी ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि घुमंतू ठेले वाले एक निर्धारित स्थान पर अपना स्थाई ठेला लगाएंगे।

### निर्धारित स्थान में करें पार्किंग

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित कर रहे हैं। वहीं ठेला लगाने भी एक निर्धारित स्थान रहेगा। इसके साथ ही गुरूद्वारे के पास भी ठेला लगाने के लिए एक निश्चित स्थान होगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा बनाए गए सफेद पट्टी को पार करके गाड़ी रखने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें उपभोक्ताओं के साथ ही दुकानदारों पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## कीट के प्रकोप से सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद, किसानों ने मुआवजे के लिए लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ धान की फसल चूसक कीट की वजह से बर्बाद होने के मामले में आज बड़ी संख्या में किसान धान का पौधा लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर से क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाने की मांग की।

जिले के घुमका क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत किसानों के धान की फसल चूसक कीट की वजह से बर्बाद होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। बड़ी संख्या में किसान आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और धान का पौधा दिखाकर कलेक्टर से क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने की गुहार लगाई है।



### खेती पर निर्भर किसान

ज्ञापन के माध्यम से घुमका के किसानों ने कहा कि घुमका में 6 हजार से अधिक आबादी है। जिसमें से 80 प्रतिशित किसान हैं, जो खेती पर ही निर्भर हैं। ग्राम घुमका व आसपास के गांवों में भी कई प्रकार के कीड़ों का प्रकोप देखा जा रहा है। जिससे खेत की खड़ी फसलों पर कई प्रकार की बीमारियां लग चुकी है। जिसका आंकलन कर बीमा नहीं करवा पाने वाले किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाए।

### क्षतिपूर्ति राशि की मांग

किसानों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जिला पंचायत सदस्य राधे श्यामकर और स्थानीय सरपंच फूलमती वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में चूसक कीट का प्रकोप है और लगभग 400 एकड़ से अधिक धान की फसलें खराब हुई है। उन्होंने कहा कि चूसक कीट द्वारा धान का पूरा दूध चूस लिया गया है। जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है और उनकी पूरी फसल तबाह हो गई है। उन्होंने मांग की है कि जिन किसानों ने बीमा कराया है, उन्हें बीमा की राशि और जिन्होंने बीमा नहीं कराया है, उन्हें क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र दी जाए।

### खोखली हो गई धान बाली

घुमका क्षेत्र में किसानों द्वारा लगाई गई धान की फसलों में बालियां तो हुई, लेकिन इन बालियों में कीट प्रकोप के चलते चावल का उत्पादन नहीं हुआ, सैकड़ों एकड़ धान की फसलों में बालियां अंदर से खोखली पड़ी हुई है।

**दवाइयों का नहीं हुआ असर** : घुमका के कृषक नोहेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि कीट व्याधि के प्रकोप से बचने के लिए उन्होंने तीन से चार बार दवा का छिड़काव भी धान की फसलों में किया, लेकिन इसके बाद भी धान की फैसलें कीट के प्रकोप से नहीं बच पाई और सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई।

## दुर्घटना में युवक की मौत, मुआवजे की मांग पर ग्रामीणों का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

महाराष्ट्र की ओर से आ रही एक 407 वाहन ने सड़क किनारे बैठे ग्रामीण युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर स्टेट हाईवे में चक्काजाम कर दिया है।

बीती रात लगभग आठ-साढे आठ बजे ग्राम विचारपुर निवासी महेश्वर पिता महादेव 22 वर्ष गांव के मुख्य सड़क किनारे बैठा हुआ था। महाराष्ट्र की ओर से आ रही एक मिनी ट्रक 407, जिसमें मुर्गा-मुर्गी भरे हुए थे, ने उक्त युवक को अपनी चपेट में ले लिया। उक्त युवक को अंबागढ़ चौकी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

⏩ शेष पेज 11 पर





### पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी समझाइश

ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना पर मौके पर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, डिप्टी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, तहसीलदार अरुनीमा टोप्पो, चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया, अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनि राठौर पहुंच गए, जिन्होंने ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण उक्त वाहन के फैक्ट्री संचालकों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। चक्काजाम स्थल पर विधायक इंद्रशाह मंडावी, अरूण यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। चक्काजाम प्रदर्शन करने वालों में विचारपुर, मुडपार, मिर्चे, मरारटोला, हालमकोडो, खडखडी, साल्हे के ग्रामीण उपस्थित है।

## ठेकेदार पर प्रताड़ना का आरोप, स्वच्छता दीदीयों ने निगम में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पेंड्री स्थित कचरा संग्रहण केंद्र में कार्यरत स्वच्छता दीदियों ने सफाई ठेकेदार द्वारा प्रताड़ित करने और पेमेंट काटने का आरोप लगाया है। नगर निगम परिसर में स्वच्छता दीदियों ने विरोध जताते कार्रवाई की मांग की है।

निगम परिसर में स्वच्छता दीदियों ने आक्रोश व्यक्त करते कहा कि पेंड्री एसएलआर सेंटर में 11 स्वच्छता दीदी और एक वाहन चालक कार्य करते हैं। इस माह उनके बैंक अकाउंट में डाले गए सितंबर माह के वेतन में काफी कटौती कर दी गई है। स्वच्छता दीदी प्रीति मानिकपुरी, मंजू छेदईया सहित अन्य ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उन्हें काम से निकलने की धमकी दी गई है। वही सेंटर सुपरवाईजर रीभा यादव की जगह दूसरी सुपरवाईजर को भेजा जा रहा है। जिसके द्वारा भी प्रताड़ित किया जा रहा है।

### तीज पर भी नहीं मिली छुट्टी

नगर निगम के बाहर आक्रोश व्यक्त करते महिलाओं ने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत समस्या होने पर भी अवकाश नहीं दिया जाता है। तीज पर छुट्टी लेने वालों का भी पेमेंट काट दिया गया है। इस मामले में स्वच्छता दीदियों ने नगर निगम आयुक्त से कार्रवाई की मांग की है।

**छुट्टी पर अतिरिक्त राशि काटने की शिकायत** : नियम अनुसार स्वच्छता दीदियों को माह में दो दिन अवकाश देना है। उसके अतिरिक्त एक दिन छुट्टी करने पर दो-तीन दिनों का पेमेंट काटा जा रहा है। वाहन चालक मंगेश ने बताया इस माह उसके खाते में सिर्फ 5 हजार राशि ही आई और उसकी 9 छुट्टी बताकर 12 हजार रुपए काट दिए गए। जबकि उसने केवल तीन छुट्टी किए थे।

## डेम में मिला युवक का शव, जांच जारी

**राजनांदगांव।** पनियाजोब के डेम में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत पनियाजोब डेम में एक युवक मृत अवस्था में देखा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मृतक थामस नायगम 29 वर्ष करबला चौक निवासी 17 अक्टूबर को काम के लिए घर से निकला था, जो घर नहीं पहुंचा। उसकी गुमशुदा की रिपोर्ट डोंगरगढ थाना में दर्ज कराई गई थी।

उक्त स्थल पर मृतक की साइकिल, मोबाईल, शर्ट, लोवर भी पुलिस ने बरामद किया। जिससे पुलिस अंदाजा लगा रही है कि 29 वर्षीय उक्त युवक नहाने गया होगा और पानी में डूब गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


















## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**डोंगरगांव।** सदस्यता अभियान, कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन गत दिनों तिलईरवार, आसरा, जंतर मोहड़, कोहका, माथलडबरी में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु थी। अध्यक्षता जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य जागेश्वर यादव, पूर्व सरपंच अनिता वाल्दे, बूथ अध्यक्ष मोरध्वज चन्द्रवंशी, टिलेश यादव थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी शामिल हुए।

### पति की लंबी आयु के लिए किया व्रत



**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र की महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। सुबह से निर्जला उपवास करने के बाद सजधज कर रात्रि में चांद का छलनी से दर्शन कर पति के लंबी आयु की कामना किया। उसी छलनी से पति का भी दर्शन किया। पति ने अपनी पत्नि को पानी पिलाकर मीठा खिला कर व्रत तुड़वाया। करवाचौथ को लेकर बाजार काफी गुलजार रहा। व्रत से संबंधित सामानों की दुकानों में जमकर बिक्री हुई।

### शिविर में पशुओं का उपचार



**घुमका।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र राजनांदगांव ने रावे कार्यक्रम के तहत धामनसरा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया। पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केन्द्र के छात्रों ने अधिष्ठिता डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन, डॉ नरेन्द्र जैन एवं डॉ प्रियंका साव के नेतृत्व में शिविर आयोजित किया। पशुपालकों को डाक्टरों एवं भागवत वैष्णव ने उपयोगी जानकारी दी। इस दौरान खुरपका, मुंहपका, प्लेग का पशुओं को टीका लगाया गया। कृत्रिम गर्भाधान भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने पशुपालको को पशुओं की देखभाल, पोषण आदि की जानकारी दिया। शिविर में डॉ. मनोज चंद्राकर, मनुकुमार, नवीन कुमार, रोहित, मनीष, सत्यप्रकाश, ओमप्रकाश, सुखदेव, सौम्या, स्वाति, संध्या आदि शामिल हुए।

### पशुपालकों का दल गुजरात गया



**छुईखदान।** पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. अनुप चटर्जी के मार्गदर्शन में कौशल विकास योजनातंर्गत क्षेत्र के 28 पशु पालकों का समूह आनंद गुजरात के भ्रमण हेतु रवाना हुआ। इस दल में संडी की दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति की महिला सदस्य एवं विभिन्न ग्रामों के पशु पालक शामिल हैं। यह सभी पशु पालन की विभिन्न कार्यकलापों को देखने के साथ डेयरी एक्टिविटी की जानकारी लेंगे। अमूल डेयरी उत्पादक समूहों से रूबरू होकर जानकारी लेंगे एवं अमूल मिल्क चिलिंग प्लांट का भ्रमण करेंगे। नेशनल डेयरी डेपलेपमेंट बोर्ड की विभिन्न डेयरी क्षेत्र में हो रहे अविष्कारोष्की जानकारी लेंगे। जनप्रतिधिगणों ने झंडा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान गजेन्द्र ठाकरे, पुरन जंघेल उपस्थित में। कृषकों के दल में धन्नू यादव पुरुषोत्तम, रमेश साहू, भुवन साहु, रिखी पटेल, लाकेश्वर, जमुना, धनेश्वरी, ज्योति जंघेल, विभाग जंघेल, मालती यादव, तिरथ दुबे, मनीषा, पुष्पा, कविता, चन्द्रकला, रीमा जंघेल, मीनाक्षी, रामप्यारी, मोती साहू, हेमलता, मुखिया, कोरान, मनोज, भगवंतीन आदि शामिल हैं।

### फसलों का दाम बढ़ाने का स्वागत




**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गेंहू सहित छह कृषि उत्पादों का समर्थन मूल्य बढ़ाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि किसानो को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने कदम उठाते हुए कृषि उत्पाद की क़ीमत बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के फैसले बाद किसान अब गेहूं को 2275 के बजाए 2425 रुपए प्रति क्विंटल कि दर से बेच सकेंगे। इसी प्रकार जौ 1980, चना 5650, मसूर 6700, सरसों 5959 और कुसुम की क़ीमत बढ़ाकर 5940 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस निर्णय के लिए अंचल के किसानों की ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क़ृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है।

### एप से रजिस्ट्री का कर रहे विरोध

# रोजी रोटी खतरे में देख धरने पर बैठे स्टाम्प वेंडर





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

संपत्ति के क्रय विक्रय के नए नियम से बेरोजगार होने की आशंका को देखते हुए सभी स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखक ज्ञापन सौंपने के बाद अनिश्चित कालीन आंदोलन पर चले गए है।

उन्होंने एसडीएम सहित अन्य को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वह वर्षों से दस्तावेज लेखन एवं स्टाम्प विक्रय कर रहे हैं। आने वाले दिनों में एप के माध्यम से पेपर लेस, कैश लेस, फेस लेस रजिस्ट्री कराने की तैयारी की जा रही है जिससे घर बैठे कोई भी व्यक्ति संपत्ति की रजिस्ट्री करा सकता है जिसके चलते दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प बिक्रेताओं के पास जाने की जरूरत नहीं होगी।

इस व्यवस्था से दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता बेरोजगार हो जाएंगे। धरना में अधिवक्ता सफीर अहमद खान, रमेश साहू, ओमप्रकाश पाठक, संतोष पांडे, हृदेश तिवारी, नरेन्द्र शर्मा, संतोष देवांगन, राहूल वैष्णव, देवेन्द्र निषाद, भारतलाल निषाद,कमलेश श्रीवास्तव, बिरेन्द्र विश्वकर्मा, श्यामसुंदर लाऊत्रे,तेज साहू, बिरेन्द्र नामदेव, लोकेश देवांगन, भारतलाल साहू, अजय साहू, पंचू साहू, धर्मेन्द्र साहू, छबिल श्रीवास, हिरेन्द्र पटेल, आनंद चन्द्रवंशी, सूरज आदि शामिल हुए।

### पेपरलेस रजिस्ट्री का विरोध

**छुरिया।** अंचल के सभी दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता अपनी रोजी रोटी पनर खतरा मंडराने के बाद अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले गए है। उन्होंने प्रस्तावित नए सिस्टम से पेपरलेस, कैश लेस, फेसलेस रजिस्ट्री कराने की व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि इससे उनकी जरूरत खत्म हो जाएगी और वह बेरोजगार हो जाएंगे। धरना प्रदर्शन में डूमेश्वर साहू, भेष साहू, एलेश्वर साहू, टेमरे मेडम, जगदीश साहू, अगेश साहू सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## संयम की राह पर भक्ति

■ दीक्षा समारोह अगले साल राजस्थान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नगर की एक और बेटी सांसारिक मोह से दूर होकर संयम की राह पर चलने वाली है। नगर के प्रतिष्ठित अमरचंद- किशोरकुमार बोहरा की बेटी भक्ति बोहरा परिजनों की सहमति मिलने के बाद राजस्थान में अगले साल होने वाले समारोह में दीक्षा ग्रहण करेगी।

बचपन से धर्मनिष्ठ भक्ति ने सयंम पथ पर चलने का संकल्प साधा जिस पर उसके दादा अमरचंद, पिता किशोर बोहरा, माता श्रृद्धा एवं सभी परिजनों ने उसके सयंम पथ पर आगे बढ़ने हेतु अचार्य भगवन श्री प्रकाश मुनि जी मसा के समक्ष दीक्षा अंगीकार हेतु आज्ञा पत्र सौंपा। आचार्य श्री ने दीक्षा की स्वीकृति प्रदान की। दीक्षा अंगीकार की स्वीकृति मिलने के बाद भक्ति के प्रथम नगर आगमन पर परिजनों एवं व समाजिक जनों ने सयंम जीवन सार हैं बाकी सब बेकार हैं के नारो के साथ मुमुक्षु बहन भक्ति बोहरा का अभिनंदन किया। अभिनंदन उदबोधन में सकल ओसवाल श्री संघ अध्यक्ष धरम बोथरा,अजय बोहरा, दिलीप नाहटा, सुमित लोढा ने दीक्षा स्वीकृति के लिए बधाई एवं सयंमी जीवन की मंगल कामना की। इस मौके पर पारसमल लोढा, शांतिविजय बोहरा, मनीष बोहरा, हेमंत चोपड़ा, गोलू बोथरा, मनीष सोनी, नितिन टाटिया, शीतल लोढा, संदीप लोढा, रमन नाहटा, मुकेश लोढा, राकेश लोढा, योगू गोलछा, सुयश, राजु चोपड़ा, पुष्पा कोचर, अरुणा नाहटा , संतोष लोढा, सुषमा बोहरा, पिंकी लोढा, रश्मि लोढा, बरखा बोहरा, राधा बोहरा, सारिका बोहरा, सिध्दी बोथरा आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।




### स्वयंसेवकों के पथ संचलन में बरसे फूल



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजया दशमी के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में खंड एवं नगर से 160 स्वयंसेवक शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में नेमराज वर्मा का उद्बोधन हुआ। पंथ संचलन के दौरान राष्ट्रीय सेविका समिति, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजपूत समाज, दुर्गा पूजा उत्सव समिति, हनुमान भक्त युवा समिति, गोल बाजार व्यापारी संघ, भाजपा, कर्तव्य फाउंडेशन, पाटिल परिवार, महाकाल भक्त समिति, दम्मानी परिवार, सब्जी मंडी व्यापारी संघ आदि ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### शिक्षकों का धरना 24 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने आगामी 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना देने का निर्णय लिया है। एलबी संवर्ग की 20 वर्ष से अधिक की सेवा को शून्य करने से नाराज शिक्षकों की हड़ताल से स्कूलों में तालाबंदी के हालात पैदा होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा संवर्ग के जिला संचालक गोपी वर्मा, रमेश साहू, छन्नूलाल साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में आगामी 24 अक्टूबर को धरना और रैली के बाद कलेक्टर को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षक मोदी की गारंटी के तहत वेतन विसंगति को दूर करने, समतुल्य वेतनमान, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारित करने, उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय अनुसार सभी पात्र एलबी संवर्गों शिक्षकों को क्रमोनत- समयमान वेतनमान, केंद्र के समान महंगाई भत्ता का एरियर्श देने की मांग की है।

## साइबर क्राइम से 50 हजार को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुलिस ने साइबर जागरूकता पखवाड़ा के तहत आम जनों को साइबर अपराधो की जानकारी देने अभियान चलाया है।

साइबर जागरूकता पखवाड़ा के तहत पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन, एएसपी मयंक गुर्जर, पीतांबर पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी मानपुर मयंक तिवारी, ताजेश्वर दीवान के नेतृत्व में जिले के 158 ग्रामों, विद्यालय, कॉलेज में छात्र-छात्राओं व आम जनों को जागरूक किया गया। पखवाड़ा के अंतिम दिन लगभग 20 हजार लोगों को जागरूक किया गया।

**बताया फ्राड का तरीका**

कार्यक्रम में आनलाइन फ्रॉड करने वाले लोगो के द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीके जैसे ओटीपी, ओएलएक्स, यूपीआई, लॉटरी फ्रॉड, लोन एप, कैशबैक ऑफर, कस्टमर केयर, आनलाइन जॉब, क्यूआर कोड फ्रॉड आदि से अवगत कराया गया। इस मौके पर फ्राड से बचाने का उपाय भी बताया गया।



### अज्ञात के झांसे में न आएं

साइबर जागरूकता पखवाड़ा के तहत 5 से 19 अक्टूबर तक 50 हजार से अधिक आम नागरिकों को साइबर अपराधो से बचने जागरूक किया गया। पुलिस ने लोगों को बताया कि सस्ते दर पर तत्काल कर्ज देने वाले एप्स से रहे सावधान, फर्जी बैंक कॉल, केवाईसी अपडेट करने का झांसा, लॉटरी या पुरस्कार के आफर से बचने जागरूक किया गया।







## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### शहनाज पहुंची देवी के दरबार

**डोंगरगढ़।** प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी के उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में पूजा अर्चना किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी कर माता की चुनरी एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर डोंगरगढ़ में भक्ति कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने फरवरी में होने वाले आयोजन में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महेन्द्र परिहार, बबलू शांडिल्य, संजीव गोमास्ता, केशव नरेडी, गौतम चोपड़ा, राजेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधकों ने किया धरना प्रदर्शन

- धान खरीदी के बहिष्कार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा जिले में 14 नवंबर से की जाने वाली धान खरीदी को लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों के तहत कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया।

सहकारी समिति प्रबंधकों ने धरना प्रदर्शन करते प्रदेश सरकार से धान खरीदी में सूखत लागू करने की मांग की है।

प्रदर्शन के दौरान समिति के प्रदेश महामंत्री ईश्वर श्रीवास ने कहा कि सभी को मालूम है कि धान में सूखत होता है, फिर सूखत का प्रावधान क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हमारी एक ही मुख्य मांग है कि धान खरीदी में सूखत का प्रावधान किया जाए।



### समय पर परिवहन नहीं होने से सूखत

समिति प्रबंधकों ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि समिति के माध्यम से खरीदे गए धान का समय पर परिवहन नहीं होता है। जिसके कारण धान मई-जून तक समिति में पड़ा रह जाता है। जिसके बाद सूखत भरने का दबाव डाला जाता है। उन्होंने कहा कि दबाव के चलते कई समिति प्रबंधकों की जान चली गई है। अपने प्रदर्शन के दौरान समिति प्रबंधकों ने धान में सूखत का प्रावधान करने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

समय प्रधान का उठाओ और सूखत लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे समिति प्रबंधकों ने मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। वहीं उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन को ऐसा लगता है कि समिति प्रबंधक द्वारा गड़बड़ी की जा रही है तो सरकार खरीदी कार्य से समिति प्रबंधकों को हटा दे। अपने प्रदर्शन के दौरान शासन द्वारा धान का उठाव करने निश्चित तारीख नहीं बताए जाने पर और सूखत लागू नहीं होने पर धान खरीदी के बहिष्कार को लेकर चेतावनी दी गई है।

## पेंशन शिकायत निवारण शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा द्वारा पेंशन शिकायत निवारण अभियान का आयोजन पेंशनर भवन प्यारेलाल स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें पेंशन संघ के पदाधिकारियों के अलावा स्टेट बैंक भिलाई के क्षेत्रीय संबंधक माधवनंद परेड़ा एवं राजनांदगांव मुख्य शाखा के प्रबंधक वरुण शुक्ला एवं पेंशन सेल रायपुर से राजेश उपस्थित थे।

आयोजन के दौरान माधवनंद परेडा द्वारा पेंशनरों का स्वागत किया गया। उन्होंने पेंशनरों को संबोधित करते पेंशनर की भूमिका एवं डिजिटल फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्राहकों के हित में स्टेट बैंक द्वारा किए जा रहे बदलाव की जानकारी दी। वहीं राजनांदगांव एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक वरुण शुक्ला द्वारा सीनियर सिटीजन सेविग स्कीम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। आयोजन के दौरान पेंशनरों द्वारा दिए गए सुझावों को भी अमल में लाने एसबीआई के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया। पेंशन संघ के अध्यक्ष केएल टांडेकर सहित बड़ी संख्या में पेंशन संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बार्डर में पुलिस नक्सली मुठभेड़, 5 माओवादी ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के गढचिरौली क्षेत्र में सर्चिंग में निकली पुलिस बल एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड होने पर पांच माओवादियों के मारे जाने की खबर है। गढ़चिरोली व नारायणपुर सीमा अंतर्गत भामरागढ़ जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुढ़भेड़ हुई। पुलिस मृतक माओवादियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वही जंगल इलाके में सर्चिंग भी तेज कर दी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र में आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मददेनजर छग महाराष्ट्र बार्डर इलाके में पुलिस अतिरिक्त सर्तकता बरत रही है। जिसके तहत नक्सल विरोधी अभियान भी तेज कर दिया गया है। पिछले दो दिनों से कुछ माओवादी आगामी विधानसभा आम चुनावों के संबंध में जिले में तोड़फोड़ की गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने की सूचना पुलिस को मुखबीर से मिली थी।

### अंधाधुंध गोलीबारी

सूचना के आधार पर कोपर्शी वन क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर माओवादी विरोधी अभियान चलाने सीआरपीएफ के सी-60 के 22 कॉलम और क्यूएटी के 02 कॉलम का नेतृत्व किया। जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, माओवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने माओवादियों से अपने हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने की अपील की, लेकिन माओवादियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया और पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी।

### क्षेत्र में तलाश अभियान जारी

इस गोलीबारी के जवाब में पुलिस टीम को दो अलग-अलग जगहों पर गोलीबारी करनी पड़ी। इस ऑपरेशन में गढ़चिरौली पुलिस टीम 5 माओवादियों को मारने में सफल रही। वन क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है और मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है।

# स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रक्षित आरक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर भारतमाता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की याद में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा द्वारा इस वर्ष 2023-2024 में अपने कर्तव्य के दौरान शहीद हुए 216 अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के नाम का वाचन किया गया। जिसमें से छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस जवानों ने राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते देश के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर शहीद हुए हैं। शहीद परेड में शहीदों को सलामी दी गई। साथ ही इन वीर शहीदों को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में श्रद्धासुमन अर्पित की गई। उपस्थित शहीदों के परिवार का कुशलक्षेम लेकर शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा, डीआईजी आईटीबीपी एएन दत्ता, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक एमएमसी वाईपी सिंग, पुलिस अधीक्षक पीटीएस गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एडीएम इंद्रा, एसडीओपी अशिष कुंजाम, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, तुमड़ीबोड़, रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी व भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, गणमान्य नागरिकगण और शहीद परिवारों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




# रोटेशन में हो नगरीय निकाय-पंचायत में आरक्षण

**मोहला।** भाजपा शासन काल में नगरीय निकाय एवं पंचायतों में महिलाओं को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था, जो अभी भी जारी है। निकट भविष्य में होने वाले निकाय चुनाव में आरक्षण को बरकरार रखते हुए रोटेशन का नियम अपनाने की आवाज उठ रही है।

निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आने वाले दिनों में होने वाले है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जारी है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद आरक्षण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार विकासखंड में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या के आधे पर महिलाओं की भागीदारी आरक्षण से तय की जाएगी। महिलाओं की भागीदारी में कटौती किए बिना रोटेशन में आरक्षण दिया जा सकता है। आरक्षण की लाटरी पद्धति में देखा गया है कि जिस पंचायत या वार्डों में महिला प्रतिनिधि है वह लगतार आरक्षित हो रहा है। ऐसा होने से पुरुष अभ्यर्थियों को चुनाव के लिए पांच साल इंतज़ार करना पड़ता है। जनपद जिला पंचायत के लिए दूसरे क्षेत्र से किस्मत आजमा लेते हैं, परन्तु वार्ड एवं पंचायत चुनाव में ऐसा नहीं हो पाता है। चौकी विकास खण्ड में कुछ पंचायत ऐसी हैं जहां अब तक कोई पुरुष सरपंच का चुनाव नहीं लड़ सका। भाजपा मंडल कौड़ीकसा के उपाध्यक्ष बंशीराम जुरेशिया, गैंदसिंह कोरेटी, बिसाहूराम गैंदलाल साहू का कहना है कि महिलाओं के आरक्षण में बिना कटौती के रोटेशन के आधार पर पुरुषों को मौका दिया जाना चाहिए।

### खुज्जी में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत की टीम द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय, तकनीकी, आवास की पात्रता और आवास निर्माण के नियम एवं शर्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अभिसरण के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष, सीईओ, एडिशनल सीईओ सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष

### दुर्घटना में....

इस घटना की खबर से विचारपुर सहित आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आज युवक का पीएम होने के बाद ग्रामीणों ने शव को पिकअप वाहन से स्टेट हाईवे चिल्हाटी लेकर पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर उचित मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम प्रदर्शन करने लगे। बताया गया कि दोपहर लगभग 1 बजे से ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा चक्काजाम समाचार लिखे जाने तक जारी है।






# जॉन डियर ट्रैक्टर वाजिब दाम में उपलब्ध

जिंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

JOHN DEERE

## आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर जॉन डियर ट्रैक्टर

## टेक्नोलॉजी जो बदल दे आपकी जिंदगी

## आया है राजा!

अब नए अवतार में

नया PowerTech™ 5310 57 HP 42kW

GearPro™ 12 F+4R




*शर्तें लागू

GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी

उच्च बैक अप टॉर्क

LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता

जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध।

जॉन डियर का वादा 5 साल की वारंटी*

TremIV

अधिकृत विक्रेता - **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई

संपर्क :- 9977184777, 8120006476 | सर्विस :- 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### बलवीर गजानंद विश्वकर्मा भारतीय हिंदू रत्न से पुरस्कृत



**हरिभूमि कोलेगांव।** उत्तर प्रदेश की फेयर विजन फाउंडेशन ट्रस्ट भारत में हर वर्ष ऐसे गणमान्य नागरिकों का सम्मान करती है, जो सामाजिक गतिविधियो पर सक्रिय रूप से अहम भूमिका निभाते है और रचनात्मक कार्य करके अपने क्षेत्र में कलाकारी से हिंदुत्व के लिए काम करने के लिए देश व समाज का नाम रोशन करते है ऐसे लोगों को यह भारतीय हिंदूरत्न पुरस्कार दिया जाता है। संस्थापक फेयर विजन फाउंडेशन रवि वर्मा उत्तर प्रदेश, अभिषेक कश्यप सचिव द्वारा बलवीर गजानंद विश्वकर्मा के समर्पण और सामाजिक कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व गहराइयों से प्रभाव डाला है, अपने क्षेत्र में करूणा और निःस्वार्थ भक्ति को दर्शाता हैं। बलवीर के इन्ही काम-काजो को देखते हुए फाउंडेशन ने विस्तार से देखा और इस पुरूस्कार योग्य समझकर यह पुरूस्कार दिया गया।

### पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल

**कवर्धा।** ग्राम खपरी में वाणी विद्या मंदिर परिषर मे वृक्षारोपण कर लोगों को पौधरोपण के साथ पौधों की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया, पेड़ पौधों के बीना जीवन की कल्पना कर पाना मुश्किल है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

## फोटो प्रदर्शनी से नागरिकों तक पहुंच रही जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

# पीजी कॉलेज में आयोजित स्वदेशी मेले में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसका उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। इस प्रर्दशनी में विभिन्न शासकीय योजनाओं की लाभ और उनके क्रियान्वयन की तस्वीरों के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। मेले में आने वाले नागरिकों को योजनाओं से संबंधित पत्रिकाओं और जनमन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गहरी रुचि दिखाई।

ग्रामीणों और अन्य आगंतुकों ने फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की समझ को विस्तार से जाना और कुछ लोगों ने योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के अनुभव भी साझा किए। स्वदेशी मेला में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, पंचायत विभाग सहित अन्य विभाग की स्टॉल में प्रर्दशनी भी लगाया गया है। स्वदेशी मेला में आए दिनेश ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार के योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। ग्राम महराजपुर के ग्रामीण ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का मकान मिला, जिससे उनका परिवार सुरक्षित और बेहतर वातावरण में रह रहा है। वहीं आदर्श नगर निवासी एक महिला ने उज्जवला योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि अब उन्हें गैस सिलेंडर की सुविधा मिल गई है, जिससे धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत मिली है। अन्य नागरिकों ने भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और राशन वितरण योजना जैसी योजनाओं से आर्थिक रूप से सशक्त होने की बात कही। इन योजनाओं ने न केवल उनकी जीवनशैली को बेहतर बनाया है, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर भी बढ़ने में मदद की है।

### सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रही



स्वदेशी मेंला में लगाएं गए फोटो प्रर्दशनी के माध्यम से कृषक उन्नति योजना की जानकारी बताई गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के किसानों को 3100 की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। नारी शक्ति माताओं और बहनों के सशक्तिकरण और समाजिक उत्थान के उद्धेश्य से आर्थिक सहायता के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रति माह सीधे उनके खातों मे 01 हजार रूपए डाला जा रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुहिक भागीदारी व महिला सशक्तिकरण स्वलाबंन के उद्धेश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उत्तोरत्तर प्रगति कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग में 650 विभिन्न पदों पर चिकित्साकर्मी की भर्तियोंए दूरस्थ इलाकों में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गई है साथ ही एमबीबीएस चिकित्सा पाठ्यक्रम की हिन्दी में पढ़ाई करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।




# कुई कुकदूर में शामिल कुछ ग्राम वापस, पंडरिया में जूड़ने के आसार से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवा गोड़ान

पंडरिया तहसील के कुछ ग्रामों को कुकदूर में शामिल किए जाने को लेकर ग्रामवासियों की आपत्ति पर शासन प्रशासन ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए उन ग्रामों को यथावत पंडरिया में ही रखे जाने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिससे ग्रामवासियों में काफी प्रसन्नता देखी जा रही है।

जनपद पंचायत पंडरिया के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता पारस बंगानी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत खैरझिटी पुराना के आश्रित ग्राम गौरकांपा, घोघराकला, लिम्हईपुर के आश्रित ग्राम कारपीगोडान, मुरकी व बीरमपुर को नवीन तहसील कुई कुकदूर से हटाकर पुरानी तहसील पंडरिया में ही रखे जाने संबंधी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए जनपद पंचायत पंडरिया द्वारा एक प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया था, जिस पर जिला कलेक्टर कबीरधाम की ओर से पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रतिवेदन अभिमत के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन सचिव राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर को जानकारी तैयार कर आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा गया है।

जिससे ग्रामीणों की मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है और उनमें खुशी देखी जा रही है। ग्रामवासियों ने बताया कि कुई कुकदूर हमारे लिए बहुत ही उल्टा और असुविधाजनक के अलावा अव्यावहारिक लगता था। इन ग्रामों को पुनः पुरानी तहसील पंडरिया में लिया जाना सुविधाजनक, सुलभ और व्यवहारिक होगा। ग्रामवासियों ने इस कार्य के लिए पूर्व जनपद उपाध्यक्ष व वर्तमान दुल्लापुर क्षेत्रीय जनपद सदस्य पारस बंगानी को आभार व्यक्त किया है जिनके लगातार प्रयासों से आज उन्हें उनकी मांग फलीभूत होने की उम्मीद दिखाई दे रही है।

# स्वदेशी मेले में पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए हरीतिमा टीम का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा स्थित मैदान में स्वदेशी मेला कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साहू, विधायक बेमेतरा दिपेश साहू एवं आयोजन समिति द्वारा कवर्धा शहर को हरा-भरा बनाने में महती कार्य करने वाले संस्था हरीतिमा समूह को पुष्प गुच्छ, मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की रक्षा करने, वातावरण को हरा-भरा बनाने के लिए शहर में सेवाभावी संगठन टीम हरीतिमा विगत 6 वर्षों में लगभग 9 हजार से अधिक वृक्षारोपण कर शहर में हरियाली बिखेरनी का काम कर रही है परिणाम स्वरूप आज शहरवासियो को 4 हजार लीटर रोजाना ऑक्सीजन मिल रहा है। टीम का उद्देश्य शहर में बढ़ता तापमान, ग्लोबल वार्मिंग प्रकृति के अनुरूप जीवन की संभावना को बनाए रखना, प्रकृति की रक्षा के लिए जन-जागरूकता बढ़ाना, जैव विविधता को बनाए रखना साथ ही साथ शहर में छांव की कमी-शहर की नई कॉलोनियो व मुख्य मार्गो में राह चलते लोगो को विश्राम के लिए छांव मिल सके ऐसी जगह का आभाव था इस समस्याओं को देखते हुए टीम हरीतिमा ने वृहद मात्रा में वृक्षारोपण कर एक मिशाल कायम की है। समर्पण और जुड़ाव टीम द्वारा लगाए गए पौधे सौ फिसदी सुरक्षित रहे यह प्रयास किया जाता है। दवाई का छिड़काव, कटाई, पौधो को सुरक्षा प्रदान करना, पानी देना टीम के सदस्य रोजाना सुबह 7 के 9 दो घंटे काम करते है। वहीं कॉलोनियो में पौधारोपण-शहर के मुख्य मार्ग सहित विभिन्न कॉलोनियो जिसमें प्रमुख रूप से रामनगर, लोहारा रोड़, महावीर नगर, शिक्षक नगर, वर्घमान नगर, कलेक्टर कॉलोनी, छिरपानी कॉलोनी, रायपुर रोड़, पुराना बायपास, दर्री पारा, गोकुल नगर, कोर्ट कॉलोनी, राम नगर, कैलाश नगर, नया बायपास, जगदंबा नगर, शांतिदीप कॉलोनी, नया व पुराना बस स्टैण्ड परिषर, जी श्यामनगर, हाउसिंग बोर्ड, शिवाजी कॉलोनी में अनेक प्रजातियो के फलदार एवं छायादार वृक्ष लहलहा रहे है। जिसमें प्रमुख रूप से अजय लुनिया, राकेश जोशी, महेश सिंह ठाकुर, सुनील जोशी, कुलजीत मुटरेजा, राजकुमार वर्मा, अनिल लुनिया, अखिल लुनिया, पन्ना चन्द्रवशी, लालू पाली, उमेश चौहान, केके ठाकुर, दिनू गुप्ता, संदीप कुमार, दीपक पाली, गोकुल साहू, सुदर्शन साहू, पप्पू अग्रवाल, लवली बग्गा, अजय कमल श्रीवास्तव, मंजीत सलूजा, कमलेश ठाकुर, दीपक लांझी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




# राज्य स्तरीय पठन महोत्सव के लिए नीलम का चयन

- परिजनों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत बिरकोना संकुल के वनांचल में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला केशली गोड़ान कक्षा दूसरी की छात्रा नीलम का राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर एवं रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में बुनियादी साक्षरता कौशल में सुधार एवं बच्चों के पढ़ने की आदत विकसित करने हेतु राज्य में पठन अभियान रीडिंग कैंपेन आयोजित है। जिसमें छात्रा नीलम हिंदी व गणित विषय पर राज्य में उपस्थित होकर बुनियादी भाषा और गणित संख्यात्मकता में लक्षित दक्षता की ओर बढ़ते कदम का प्रदर्शन करेगी। छात्रा नीलम के साथ में शाला के प्रधान पाठक शिवकुमार बंजारे तथा पालक कृष्णा कुमार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट छत्तीसगढ़ द्वारा उपस्थित देने हेतु पत्र प्रेषित कर फोन-काल के माध्यम से सूचित किया गया।

प्रधान पाठक तथा शिक्षक श्रीमती लता चांदसे, सत्येंद्रनाथ प्रताप सिंह द्वारा छात्रा को अच्छा प्रदर्शन हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान किया गया यह राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम न्यू सर्किट हाउस रायपुर छत्तीसगढ़ में 23 अक्टूबर को आयोजित होगी। जिससे छात्र छात्राओं व आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों तथा ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना संचालित

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के पंजीकृत कर्मकारों के अध्ययनरत बच्चों को कक्षा पहली से स्नातकोत्तर व पीएचड़ी तक कक्षावार छात्रवृत्ति प्रदान करने योजना संचालित है। असंगठित कर्मचारो के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, सफाई कर्मकारो के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, ठेका श्रमिक, घरेलू महिला, कामगार व हमाल श्रमिकों के बच्चो के लिए छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है, इसका लाभ लेने पंजीकृत श्रम कार्यालय कवर्धा या सीएससी सेंटर में आवेदन करें।

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जय कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

# अवैध रूप से निर्माण कार्य में की गई प्रशासनिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डा में अवैध रूप से निर्माण कार्य मकान को हटाने ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन का इसकी सूचना दी गई। जिस पर प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत कुण्डा बाजार परिषर के सामने महली रोड मे अवैध मकान निर्माण कार्य के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाया गया, जिसमें शासन प्रशासन ने रविवार को तहसीलदार व पुलिस बल सुरक्षा के साथ मिलकर कार्यवाही कर अवैध निर्माण कार्य में प्रशासनिक कार्यवाही की गई। ग्राम पंचायत कुण्डा द्वारा पूर्व में किसी भी तीन व्यवसायिक परिसर एवं आम बाजार परिसर में किसी भी प्रकार का उक्त निर्माण कार्य करने का प्रस्ताव नहीं किया गया। यह कि अनावेदक अपने मनमानी से बिना किसी ग्राम पंचायत प्रस्ताव के बिना न ही किसी पंच गणों की सहमती के बिना बाजार परिसर में अतिक्रमण कर अवैध दुकान का निर्माण किया जा रहा है। उक्त स्थान व्यवस्थापन हेतु पूर्व से आरक्षित है उक्त स्थान पर वाहन पार्किंग एवं बाजार प्रवेश करने का प्रमुख जगह है। तथा छोटे-छोटे गरीब परिवार अपने रोजी-रोटी व्यापार करते है, अतिक्रमण के संबंध में ग्राम पंचायत कुण्डा के सचिव से पूछने पर सचिव द्वारा यह बताया गया है कि उक्त स्थान पर कोई भी मद से शासकीय कार्य नही किया जा रहा है। अवैध निर्माण के संबंध में कलेक्टर कबीरधम को ग्राम पंचायत कुण्डा सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी। कुण्डा व पण्डरिया आवेदक पंचगण जिसमें कृष्ण बंजारे, हेमलता साहू, सुमति चंद्राकर, पुष्पा सोनवानी, सुखमती चंद्राकर, सागर दास मानिकपुरी, मोहनलाल सोनवानी, पूर्णिमा यादव, फुसर्रत आजमी, ओमप्रकाश चंद्राकर, शकुंतला चंद्राकर, संतोष साहू, रघुवीर साहू चौहान, अमरीश चंद्राकर, चंद्रकला अंचल, पुष्पा बाई, मुसर्रत आजमी, ओमप्रकाश चंद्राकर, शंकुतला, रामकुवर, संतोष, अमरिश, चन्द्रकला अंचल थें।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आरएन ध्रुव तीसरी बार संघ प्रांताध्यक्ष निर्वाचित

**कवर्धा।** शासन से मान्यता प्राप्त संगठन छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय नवीन प्रबंध कार्यकारिणी के गठन के लिए गत 20 अक्टूबर को नवा रायपुर स्थित फड़ापेन ठाना स्थल बंजारी में साधारण सभा का आयोजन किया गया। साधारण सभा में छग के 33 जिलों से एसटी संवर्ग के अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर प्रांतीय प्रबंध कार्यकारिणी के गठन में भाग लिया। प्रांताध्यक्ष का चयन निर्वाचन प्रक्रिया के तहत कराया गया। जिनमें से संगठन के प्रति समर्पित, जुझारू, अनुभवी, व्यक्तित्व के धनी आरएन ध्रुव तीसरी बार प्रांताध्यक्ष के पद में निर्वाचित हुए है।

## निधन

### केशव साहू



**स लोहारा।** विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसाटोला के पूर्व सरपंच एवं उन्नत कृष्क केशव साहू का लगभग 47 वर्ष की आयु में रविवार 20 अक्टूबर को करवा चौथ की रात करीब 11.30 बजे हृदय गति रुक जाने से गृह ग्राम बिसाटोला में आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 21 अक्टूबर सोमवार को उनके गृह ग्राम बिसाटोला के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में पूर्व जनपद सदस्य डायरेक्टर साहू, बिसाटोला के सरपंच धनुक साहू, समाज के सामाजिक जनों सहित आस-पास से अन्य समाज के लोग ने बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे अपने पीछे पत्नी, बेटे, बहुओं, नाती-पोतों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं, उनके आकस्मिक निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

**विरोध प्रदर्शन:** लोहारीडीह मामले को लेकर कांग्रेस ने बोला हल्ला, प्रदेश सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

# हत्या को आत्महत्या बताकर कर मामलों को दबाने में माहिर भाजपा सरकार: भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह काण्ड में पीड़ितों को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन एवं विधायक कार्यालय घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, खुज्जी विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू सहित सैकड़ों की संख्या में जिले व प्रदेश से आए कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में अभी भाजपा की सरकार बने नौ महिने ही हुए हैं। भाजपा ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

प्रदेश से लेकर गृह मंत्री के गृह जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। हालात ये हैं कि हत्या जैसे संगीन अपराध को भी भाजपा सरकार की पुलिस आत्महत्या बताकर मामलों को दबाने का प्रयास कर रही है। अकेले कबीरधाम जिले में ही इन नौ माह में हत्या के ऐसे कई मामले सामने आ चुके है जिन्हें आत्महत्या बताकर लीपापोती करने का प्रयास किया गया है और जब पीड़ित परिवार, समाज तथा विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा पुलिस प्रशासन और सरकार के ऐसे कृत्यों का विरोध किया जा रहा है तो उसे राजनीति का नाम दिया जा रहा है।

श्री बघेल ने कहा कि लोहारीडीह मामले में भी अगर वक्त रहते साहू समाज, पीड़ित परिवार और कांग्रेस सामने नहीं आती तो इस मामले को कब का दबा दिया जाता है। हालांकि इतने सबके बाद भी पुलिस और भाजपा की सरकार ने कचरू साहू की हत्या को आत्महत्या बताकर मामले को दबाने की कोशिश की। उन्होने कहा कि वो तो कचरू साहू की बेटी का हौसला था जो उसने अपने पिता को इंसाफ दिलाने के लिए न्याय की लड़ाई लड़ी। जब उसकी पहल पर हाई कोर्ट ने मामले को मध्यप्रदेश में पंजीबद्ध करने का आदेश दिया तब कहीं जाकर इस बात का खुलासा हुआ कि कचरू साहू ने आत्महत्या नहीं की थी बल्कि उसकी हत्या की गई थी। उन्होने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ रूपए का मुआवजा दिया जाए। श्री बघेले ने कहा कि कांग्रेस लोहारीडीह के पीड़ितों को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर आगे भी संघर्ष करते रहेगी। उन्होंने कहा सरकार तात्कालिक पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव को बचा रही है। सभा को कांग्रेस के अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, दलेश्वर साहू, विधायक डोंगरगांव, यशोदा वर्मा विधायक खैरागढ़, हर्षिता बघेल विधायक डोंगरगढ़, संदीप साहू विधायक कसडोल, चातुरी नंद विधायक सरायपाली, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, संगीता सिन्हा विधायक बालोद, सावित्री मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर, संगठन प्रभारी पदम सिंह कोठारी, जिलाध्यक्ष होरीराम साहू, आनंद सिंह, चोवाराम साहू, अकाश केशरवानी, चन्द्रप्रकाश कोसले, शीतेष चंद्रवंशी, भुनेश्वर पटेल, अशीष चंद्रवंशी, मेहुल सत्यवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, कमलजीत, पिंटू सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने विधायक कार्यालय के घेराव के लिए कूच किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।





### लोगों को डराधमका कर शासन कर रही भाजपा : बैज

वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोहारीडीह की घटना प्रदेश सरकार की विफलता का प्रमाण है। अगर सरकार कचरू उर्फ शिवप्रसाद साहू की मौत की निष्पक्ष जांच कराती और उसकी हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करती तो न ही रघुनथ की हत्या होती और न ही प्रशांत साहू की हत्या होती न ही लोहारीडीह जलता। उन्होने कहा कि इस घटना के लिए पूरी तरह है सरकार जिम्मेदार है। उन्होने कचरू साहू की बेटी के हौसलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार के तमाम दबाव, लालच व धमकी के बाद भी हिम्मत दिखाई और अपने पिता को इंसाफ दिलाया। वह पहले दिन से कह रही थी कि उसके पिता की हत्या की गई लेकिन सरकार ने उसकी बात नहीं मानी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हमारी लड़ाई जारी है जब तक की प्रशांत साहू की हत्या के दोषियों को सजा नहीं मिल जाती। कांग्रेस न्याय की लड़ाई लड़ते रहेगी।

### विधायक कार्यालय का घेराव करने बोला हल्ला



स्थानीय गांधी मैदान में सभा के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी रैली की सक्ल में नारेबाजी करते हुए विधायक कार्यालय का घेराव करने कूच कर गए। लेकिन पुलिस प्रशासन की चार स्तरीय तगड़ी बैरिकेडिंग व सुरक्षा व्यवस्था के चलते कांग्रेसी विधायक कार्यालय तक तो नहीं पहुंच पाए लेकिन जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों पुलिस जवानो से झमा झटकी करते हुए और उन्हें चकमा देते हुए दो बैरिकैटिंग पार कर ली। यहां बताना लाजिमी होगी की पुलिस ने गांधी मैदान से विधायक कार्यालय के लिए निर्धारित मार्ग में जनपद पंचायत कवर्धा के सामने, शिवाजी चौक में बैरिकेडिंग कर रखी थी। वहीं भारत माता चौक में तो बैरिकेडिंग के साथ करीब 12 से 15 फीट की टीन की दीवार घड़ी कर दी थी। इसके अलावा यहां सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रगेड, वाटर केन तथा भारी सुरक्षा बल की व्यवस्था की गई थी। हालांकि इन सब के उपयोग की नौबत नहीं आई। कांग्रेसी कार्यकर्ता जनपद पंचायत कवर्धा के सामने तथा शिवाजी चौक के पास लगाए गए बैरिकैटिंग को लांघकर भारत माता चौक तक पहुंचे जरूर लेकिन फिर इससे आगे नहीं बढ़ पाए। यहां उन्होने कुछ देर प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और ज्ञापन सौंपकर कर वापस लौट गए।

# खड़े हाईवा से टकराई मोटर साइकिल दो ग्रामीणों की मौत

## ट्रक चालक गिरफ्तार, चालक की लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

कबीरधाम जिले में एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें सड़क किनारे खड़े हाईवा ट्रक से मोटर सायकल के टकरा जाने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। बताया जाता है कि दुर्घटना में जहां एक ग्रामीणों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं दूसरे ग्रामीण की जिला चिकित्सालय कवर्धा में ईलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है तथा वाहन को भी जप्त कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार के बीते रविवार को स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बडौदा कला निवासी रुपचंद आयु 50 वर्ष तथा मंगलु पटेल आयु 65 वर्ष अपनी मोटर सायकल से सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम नूनछापर गए थे। बताया जाता है कि कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों रविवार को ही रात करीब 10.30 बजे अपनी मोटर सायकल से वापस अपने गांव बडौदा कला लौट रहे थे। इसी दौरान थाना स. लोहारा क्षेत्र के ग्राम सलिहा के पास



सड़क किनारे खड़ी एक हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेजे 8530 से मोटर सायकल ही पीछे से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। खड़ी हाईवा ट्रक के साथ तेजरफ्तार मोटर सायकल की भिड़ंत इतनी भीषण थी की मोटर सायकल सवार रुपचंद के सिर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि उसका साथी मंगलु पटेल गंभीर रूप से घायल होकर हाईवा ट्रक में मोटर सायकल के साथ फंस गया। बाद में राहगीरों ने घटना की जानकारी स. लोहारा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक रूपचंद का शव बरामद कर घायल मंगलू को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन ईलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ स. लोहारा थाना के प्रभारी लालमन साव ने बताया कि इस मामले में आरोपी वाहन चालक के विरू द्ध अपराध क्रमांक 292/24 धारा 285, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है तथा वाहन को भी जप्त किया गया है।

### ग्रामीणों ने हाईवा ट्रक चालक को पीटा

जानकारी यह भी मिली है कि इस दुर्घटना के बाद लापरवाह हाईवा ट्रक चालक पर अपना गुस्सा निकालते हुए ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई भी की है और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अब आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके विरूद्ध आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# भूपेश बघेल बच्चों के पीछे खड़े होकर राजनीति करना बंद करें: विजय शर्मा

- भूपेश पर लगाया झूठी बयानबाजी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



लोहारीडीह काण्ड को लेकर सोमवार को कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयानों पर कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है।

उन्होने भूपेश बघेल पर बच्चों की आड़ में राजनीति करने और ग्रामीणों को आपस में लड़वाने का आरोप लगाया है। श्री शर्मा ने यहां तक कहा कि लोहारीडीह काण्ड की जिम्मेदार तात्कालिक भूपेश सरकार है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल में गांवों को पार्टी में बांटकर कार्यवाही करती थी। कांग्रेस शासनकाल में सामने आए लोहारीडीह के दो पक्षों के जमीन विवाद पर अगर कांग्रेस की मौजूदा सरकार ने सही ढंग से कार्यवाही की होती तो यह विवाद इतना नहीं बढ़ता और आज लोहारीडीह की घटना सामने नहीं आती।

उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में अशांति फैलाना चाहती है। सुरजपुर तथा बलौदा बाजार की घटना के पीछे भी कांग्रेस है। उन्होने कहा कि कांग्रेस को ऐसा नहीं करना चाहिए। लोहारीडीह मामले में हमारी जांच सही दिशा में चल रही है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे हम उनके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस लोहारीडीह मामले में गलत और झूठी बयानबाजी कर लोगों के सामने भ्रम फैला रही है।

उन्होने सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस कहती है कि अगर कचरू साहू की मौत की सही जांच होती तो लोहारीडीह काण्ड नहीं होता, जबकि वास्तविकता ये है कि कचरू की मौत के मात्र तीन घंटे के बाद लोहारीडीह में आगजनी और रघुनाथ की हत्या का मामला सामने आ गया था। जिसकी जांच आज पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है और इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है। लेकिन कांग्रेस ने नेता बेवजह झूठी बयान बाजी कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। लेकिन लोहारीडीह के ग्रामीण कांग्रेस के बहकाबे में नहीं आना चाहते और वे अपने गांव शांति चाहते हैं इसी लिए उन्होने कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में शामिल होने से साफ इंकार कर दिया।

### गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**कवर्धा।** सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय स्तर की खो-खो चैम्पियनशीप प्रतियोगिता 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक मध्य प्रदेश के जिला देवास के सर्दाना इन्टरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से सीबीएसई के 20 रीजन की टीमें सहभागिता निभाकर अपनी उत्कृष्टता हासिल करने का भगीरथ प्रयास कि या। जिसमें भुवनेश्वर रीजन से गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा छत्तीसगढ़ से 17 वर्ष बालक वर्ग टीम ने प्रतिनिधित्व किया। गुरुकुल के खो-खो टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओमान विदेशीय टीम को पराजित किया। गुरुकुल के खिलाड़ियों ने केरल व तमिलनाडु से कड़ा मुकाबला किया। गुरुकुल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शाला परिवार को गौरवान्वित किया। शाला के खेल विभाग के प्रशिक्षण का प्रतिफल है कि गुरूकुल के खिलाड़ियों ने शानदार उत्कृष्टता हासिल की। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, शाला के प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक, व समस्त कर्मचारियों ने खिलाड़्यों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# शार्ट सर्किट से सौ एकड़ गन्ना खेत में लगी भीषण आग, किसानों को भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहगांव

पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में सोमवार की दोपहर खेत में खड़ी गन्ने की पकी पकाई फसल में भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इस अग्नी दुर्घटना में करीब दर्जनभर से अधिक किसानो की सो एकड़ फसल प्रभावित बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहगांव में सोमवार की दोपहर करीब दो बजे कुण्डा मार्ग स्थित गन्ने के खेत से स्थानीय ग्रामीणों ने धुंआ और आग की लपटें उठते देखी और तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच दमकल अमले को भी घटना की सूचना दी गई। जब तक दमकल अमला मौके पर पहुंचता गन्ने के सूखे पत्तों में भड़की आग ने एक बड़े रकबे को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें गन्ना उत्पादक किसान मोचान चन्द्रवंशी, बलदाऊ चन्द्रवंशी, बलराम चन्द्रवंशी, विजय यादव, समारू सतनामी, अलख चन्द्रवंशी, होली चन्द्रवंशी, रमेश चन्द्रवंशी, गजपति चन्द्रवंशी, आजू चन्द्रवंशी अन्य किसानो की खड़ी फसल आग में खाक हो गई। किसानो ने बताया कि घटना की जानकारी देने के बाद दो फायर ब्रिगेड मौके पर भेजी गई लेकिन वे मौके तक नहीं पहुंच पाई। माना जा रहा है कि इस अग्नी दुर्घटना में किसानो को लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानो ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

पेज 09 का शेष

### दुर्घटना में....

इस घटना की खबर से विचारपुर सहित आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आज युवक का पीएम होने के बाद ग्रामीणों ने शव को पिकअप वाहन से स्टेट हाईवे चिल्हाटी लेकर पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर उचित मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम प्रदर्शन करने लगे। बताया गया कि दोपहर लगभग 1 बजे से ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा चक्काजाम समाचार लिखे जाने तक जारी है।

**जिला भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस तथा भूपेश बघेल पर लगाए कई गंभीर आरोप**

# झूठ की बुनियाद पर राजनीती करना बंद करें बघेल: अशोक साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्राम लोहारिडीह की घटना पर कांग्रेस पार्टी व उनके नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनैतिक बयान और प्रदर्शन के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा झूठ की बुनियाद पर खड़ा होकर राजनीती करना बंद करें भूपेश बघेल। झूठी बात कहना और उसे सच बताना भूपेश बघेल की पुरानी आदत है। अपराधियों को सरक्षण देने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मूह से न्याय जैसे शब्द भी अशोभनीय लगने लगते है। कवर्धा में अपराधियों को संरक्षण देकर मो. अकबर ने कवर्धा को अशांत करने की कोशिश की जिसका जवाब जनता ने मो. अकबर व उनके आका भूपेश बघेल को विधानसभा व लोकसभा में दे दिया है। लोहारिडीह की दुर्भाग्य पूर्ण घटना पर फिर एक बार भूपेश बघेल कवर्धा का माहौल खराब कराना चाह रहे है यह स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार है जिसमें विजय शर्मा जैसे संवेदनशील गृहमंत्री है जो बहुत ही संवेदनशीलता से ग्रामवासियों के बीच वार्तास्थापित कर गांव में जनजीवन सामान्य हो सके। पीड़ित पक्षों को कानूनन न्याय मिल सके इस दिशा में प्रयत्नशील है वही दूसरी ओर मुद्दाविहीन कांग्रेस पार्टी व भूपेश बघेल झूठ बोलकर, नाबालिग बच्चो के कंधे पर चढ़कर राजनीती करने की असफल कोशिश कर रहें है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। हाल ही में समस्त ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर स्पष्ट कहा है हमे लोहारीडीह के घटना पर राजनीती नही करनी और ना ही करवानी है हमे सरकार पर भरोसा है कानून पर भरोसा है हमे न्याय मिलेगा उसके बाद भी राजनैतिक रोटी सेकने की कोशिश कर रहे भूपेश बघेल जी से कहूंगा अनावश्यक आंच देने से आपकी राजनीतिक रोटी सिकेगी नही बल्कि जल जाएगी। उन्होंने कहा भूपेश बघेल न्याय की बात करने से पहले अपने कार्य काल की तीन बड़ी घटना पर भी कुछ बोल लिया करें तब आपको न्याय देने से कौन रोक रहा था अपराधियों को सरक्षण देने वाला विधर्मियों को सरक्षण देने वाले कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर या फिर आपके आका राहुल गांधी आपको रोक रहे थे। प्रेसवार्ता में प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल साहू महामंत्री संतोष पटेल, क्रान्ति गुप्ता, नितेश अग्रवाल, श्रीकान्त उपाध्याय उपस्थित थे।

# पूर्व सेवा गणना को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन, 24 को जिले के पांच हजार शिक्षक रहेंगे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

जिले के शिक्षक पूर्व सेवा गणना मिशन को लेकर एक बार फिर से लामबंद हो गए हैं। इसी तारतम्य में आगामी 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना, रैली पश्चात ज्ञापन देने की तैयारी है।

शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन से पहले की सेवा की गणना नहीं किए जाने से उत्पन्न वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले हड़ताल करेंगे। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर को जिले के पांच हजार शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। धरना, रैली पश्चात पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपने की सूचना प्रशासन को दिया जा चुका है।

पांच सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल. बी. संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान, समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारण तथा केंद्र सरकार की तरत 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन निर्धारण, हाई कोर्ट के डबल बेंच के निर्णय के अनुसार शिक्षक एल. बी. संवर्ग को क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान तथा केंद्र के समान विगत एक जुलाई से लंबित तीन प्रतिशत मँहगाई भत्ता देकर 2019 से देय तिथि से एरियर्स को जीपीएफ व सीजीपीएफ में जमा करने की मांग शामिल है। मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से अपने वाजिब हक व अधिकार की प्राप्ति हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना व रैली हेतु 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे राजमहल चौक के पास स्थित धरनास्थल में उपस्थिति का आव्हान किया है।